# The Baptist Tabernacle of Los Angeles

1329 South Hope Street, L.A. Civic Center

Mailing Address:
P. O. Box 15308
Los Angeles, CA 90015
Phone: (213) 744-9999
E-mail: rlhymersjr@sbcglobal.net
www.sermonsfortheworld.com
www.baptisttabernacle.com

Dr. R. L. Hymers, Jr.
Senior Pastor

Dr. Christopher L. Cagan
Associate Pastor

Dr. Kreighton L. Chan
Assistant Pastor

God Bless You At Christmas

दिसंबर, २०१६

प्रिय मित्र:

इस वर्ष में हमारे चर्च की मुख्य घटना परमेश्वर द्वारा प्राचीन शैली में आत्मिक जाग्रति का हमारे बीच भेजा जाना रहा है। मैं और मेरा परिवार कैंकुन, मैक्सिकों में छुटिटयां बिता रहे थे। मैंने वहां एक दिन धूप का आनंद लिया और एक दिन होटल के कमरे में स्कॉटलैंड के उत्तरी तट पर इल ऑफ लेविस में १९४९ और १९५३ के मध्य हुये आत्मिक जागरण के बारे में एक पुस्तक पढी। इसे पढ़ते पढ़ते मेरी स्वयं की आत्मा में जैसे पुर्नजागरण आकार लेने लगा। मैं परमेश्वर से लौलीन होकर हमारे चर्च में भी आत्मिक जागरण भेजने की प्रार्थना करने लगा। जब हम लौटे मैंने तीन दिनों तक लगातार प्रचार किया और उत्साहवर्धक रूप में कुछ युवा लोग बचाये गये। परंतु अचानक उसके बाद की ग्रीष्म ॠतु में बड़ी आत्मिक जाग्रति फैली। यह गुरूवार संध्या २७ अगस्त की बात थी। मैंने मेरे युवा लोगों को यशायाह ६४:१ स्मरण करने के लिये कहा, “भला हो कि तू आकाश को फाड़कर उतर आए और पहाड़ तेरे साम्हने कांप उठे.......” (यशायाह ६४:१) तीन युवाओं ने इन पदों को याद किया। तभी अचानक एक युवा उछल पड़ा और चीखा कि मैं भटका हुआ इंसान हूं। वह घुटने के बल बैठ हांफने लगा और रोता रहा। ये वर्णन अनुपयुक्त लग रहा था पर उस रात कोई भावनात्मक बातें नहीं हो रही थी, कोई गीत नहीं चल रहा था। जनवरी और अगस्त की सभाओं में परमेश्वर नीचे उतर आये और २२ युवा लोग बचाये गये और १४ लोगों की आत्मा में जाग्रति उत्पन्न हुई और वे पवित्र आत्मा से भर गये। मैंने अन्य शहरों में तीन सामर्थशाली आत्मिक जाग्रतियां देखी जो बेहद प्रबल जाग्रतियां थी, अनोखी थी, वर्तमान में मैंने ऐसी जाग्रतियां कहीं नहीं देखीं। परंतु हमारे चर्च में ४२ सालों में ऐसी जाग्रति पहली बार भेजी गयी। हम इतने सालों तक परमेश्वर से आत्मा के उड़ेले जाने के लिये प्रार्थना करते रहे और उन्होंने उत्तर दिया। उन कुछ रातों में लगभग ३६ लोगों के अंदर अपने पाप के प्रति बोध जाग्रत हुआ और २२ ने उद्वार पाया – और १४ की आत्मा जाग्रत हुई और वे पुनः पतित होने की अवस्था से बचाये गये। ये तब हुआ जब मैं लगातार यशायाह ६४:१ पर प्रचार करता रहा और हर रात लोग आत्मिक जागरण के मूल विषय पर आधारित गीत बार बार गाते रहे, “मेरे दर्शन को भर दीजिए, आज मेरी प्रार्थना है, मसीहा, आज मैं केवल यीशु को देखूं यधपि घाटी से आप मुझे ले चलते हैं, आप की कभी न मुरझाने वाली आभा मुझे घेरे रखती है। मेरे दर्शन को भर दीजिए, मेरे स्वर्गिक मसीहा, जब तक आप की महिमा से मेरी आत्मा न चमक उठे। मेरे दर्शन को भर दीजिए, कि सब आपकी पवित्र छवि मुझमें देख सके” ("मेरे दर्शन को भर दीजिए" एविस बी. क्रिश्चियनसन, १८९५-१९८५)। कुछेक बार इन सभाओं में शैतान दहाड़ता हुआ आया परंतु हर बार हमने प्रार्थना की और वह थम गया, और परमेश्वर का आत्मा पुनः लौटा और उसने लोगों को मसीह के पास खींचा। उन कुछ दिनों में हमने जीती जागती मसीहत के दर्शन किये और जो इन सभाओं में उपस्थित थे, वे जब तक जीवित रहेंगे,

इस अनुभव को भूल नहीं पायेंगे। इन सब के बीच में दो युवा लोगों ने स्वयं को प्रचार करने के लिये समर्पित किया। उनमें से एक हमारे चीनी अनुवादक के पुत्र नोहा सोंग है। दूसरे युवा प्रचारक डॉ कैगन के २३ वर्षीय पुत्र जोन सैम्यूएल कैगन हैं जिन्होने अभी अभी कैलीफोर्निया स्टेट ल्योस ऐंजीलिस से क्रिमिनल जस्टिस में स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण की। ये दोनों उत्तम प्रचारक हैं। जब जोन ने अपना पहला प्रचार किया तो ऐसा लगा कि वह बीस सालों से प्रचार कर रहा हो। नोहा एक विषय आधारित गीत को गाते हैं, पुनः प्रचार करने पर लौट आते हैं, उनकी यह शैली जोन संग और डॉ जोन आर राईस से मिलती है। अविश्वसनीय! इन दोनों युवाओं के लिये परमेश्वर का धन्यवाद हो! जनवरी से जोन बायोला यूनिवर्सिटी में टलबोट स्कूल ऑफ थियोलोजी में अध्ययन प्रारंभ करेंगे। यद्यपि उन्हें प्रचार करते हुए तीन या चार महिने ही हुये हैं, उन्हें बाहर भी सुसमाचारिय सभाओं में प्रचार करने के लिये उत्तरी भारत, डोमनिक रिपब्लिक और दक्षिणी भारत से आमंत्रण मिल चुके हैं। मेरा मानना है कि वह इक्कीसवीं सदी में पूरे विश्व भर में एक महानतम सुसमाचार प्रचारक के रूप में प्रचार करेंगे। अगर आप जोन या नोहा के संदेश सुनना चाहते हैं तो हमारी वेबसाइट पर जाइये। काले पेज के बीच एक बटन दिखेगा जहां पर “हिंदी में संदेश” लिखा हुआ मिलेगा। उसे दबाने पर आप को अपनी भाषा में संदेश दिखाई देंगे। आप की भाषा के पेज के लिये जो बटन उपलब्ध है, वहां आप को एक बटन डॉ हिमर्स, एक बटन जोन सैम्यूएल कैगन, एक नोहा सोंग के लिये और एक अन्य प्रचारकों द्वारा हमारे चर्च में दिये गये संदेशों के लिये दिखाई देगा। अगर आप की भाषा के लिये पेज नहीं है तो आप संदेशों की सूची को सरकाइये, तो आप को अनेक संदेश मिलेंगे जो आप के लिये सहायक होंगे और आशीषित ठहरेंगे।

इस वर्ष जो दूसरी बड़ी खुशी की बात हुई कि हमारे यहां हमारी पहली पोती हन्ना किम हिमर्स का जन्म हुआ। मेरे पुत्र राबर्ट लेसली हिमर्स तृतीय और उसकी सुंदर पत्नी जिन से ३० मार्च को उसका जन्म हुआ। हन्ना एक खूबसूरत बच्ची है और अब अपने पालने में उठने बैठने व लगभग चलने लगी है।

जैसे मैंने पहले कहा कि मैं और मेरी पत्नी इलियाना, उनकी माता लिंडा व जिन, लेस्ली और वेस्ली साथ में जनवरी में समुद्र तट पर खेलने कैंकून मैक्सिको गये थे। हमने वहां बहुत आनंददायक समय बिताया भले ही मैं अपने कैंसर के इलाज के कारण तबियत में इतना अच्छा नहीं महसूस कर रहा था। फिर भी, कैंसर नियंत्रण में है और शायद चला भी गया। केवल समय इसे बतायेगा, मैंने अपना वजन २२ पौंड घटा लिया है जो मेरे लिये बहुत अच्छा है।

तब अगली एक बड़ी बात हुई। परमेश्वर ने मुझ पर प्रगट किया कि हमारे चर्च में कुछ बड़े बदलाव करने की आवश्यकता है। हमने तीन युवा उम्मीदवारों को जोड़ा, नोहा सोंग, जैक नॉन, ऐरोन यांसी। जोन कैगन ने १०जुलाई के दिन अपना पहला संदेश प्रचार किया और नोहा सोंग ने १७ जुलाई को प्रचार किया। दोनों युवा उत्तम प्रचारक हैं – अविश्वसनीय! ३१ जुलाई को तिमोथी चान और लारा एस्कोबार का विवाह हुआ। २१ अगस्त को पीटर स्टीफन नॉन का जन्म हुआ।

तब अगली एक बड़ी बात हुई। परमेश्वर ने मुझ पर प्रगट किया कि हमारे चर्च में कुछ बड़े बदलाव करने की आवश्यकता है। हमने तीन युवा उममीदवारों को जोड़ा, नोहा सोंग, जैक नॉन, ऐरोन यांसी। जोन कैगन ने १०जुलाई के दिन अपना पहला संदेश प्रचार किया और नोहा सोंग ने १७ जुलाई को प्रचार किया। दोनों युवा उत्तम प्रचारक हैं – अविश्वसनीय! ३१ जुलाई को तिमोथी चान और लारा एस्कोबार का विवाह हुआ। २१ अगस्त को पीटर स्टीफन नॉन का जन्म हुआ।

आत्मिक जाग्रति का दूसरा भाग २७ अगस्त गुरूवार को प्रारंभ हुआ। हमने इन विशेष सभाओं में पाया कि जब हम सावधानीपूर्वक प्रार्थना करते हैं और प्रार्थना की आत्मा बनाये रखते हैं तो इन आराधनाओं में परमेश्वर उपस्थित होता है परंतु अन्य दिनों में जब हम प्रार्थना पर केंद्रित नहीं होते हैं तो परमेश्वर पूर्ण रीति से अनुपस्थित

होता है या फिर कुछ परिणाम सामने नहीं आते हैं। तो यह हमारे लिये सीखने वाला अनुभव था, यद्यपि मैंने तीन बड़ी आत्मिक जाग्रतियां देखी, उनमें से एक के कारण चार हजार लोग चीनी चर्च में मिलाये गये, एक समय मैं भी उस चर्च का सदस्य रहा।

डॉ नील वीवर, लूसियाना बैपटिस्ट यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष, लेबर डे सप्ताहांत की बाइबल सभा में हमारे साथ थे। १९ नवंबर को वेस्ली हिमर्स, क्रिस्टीन ग्वून, अदेला मेंजीवार, सेतसुको जबालागा और वर्जिल निकैल का बपतिस्मा हुआ। उसी सभा में जोन सैम्यूएल कैगन को हमारे चर्च में प्रचार करने का लायसेंस प्रदान किया गया। अगले दिन थैंक्सगीविंग का भोज आयोजित किया गया और इस अवसर पर रोन क्लार्क ने वायलिन और जैफ मैरिल ने प्यानों बजाया। हमने ये कितना अदभुत समय व्यतीत किया! १८ दिसंबर को क्रिसमस प्रीतीभोज में डेविड शूक ग्रामीण और पश्चिमी सुसमाचार धुनों के साथ प्रस्तुति देने आ रहे हैं।

परमेश्वर ने हमारे लिये रास्ता खोला और संदेशों के अनुवाद के लिये ३४ वीं भाषा, नेपाली भाषा भी जुड़ गयी है। नेपाल के लोग अब हर सप्ताह मेरे संदेश पढ़ सकते हैं। नेपाल एक जरूरतमंद देश है। पिछले साल वहां दो भूकंप आये थे, हम हिमालय पर्वत के गहनतम में बसे इस छोटे से देश की भाषा को अपने संदेश की हस्तलिपि में जोड़ पाने के लिये बहुत प्रसन्न हैं। प्रत्येक संदेश जो मैं प्रचार करता हूं वह लगभग ३४ भाषाओं की हस्तलिपि में उपलब्ध है। सभी संदेश टेलीविजन की गुणवत्ता वाले कैमरे से रिकार्ड किये जाकर पूरे संसार भर में यूटयूब के माध्यम से प्रसारित किये जाते हैं और हमारी वेबसाईट पर तीन भाषा मेंर्डिन चायनीज, स्पेनिश और अंग्रेजी में उपलब्ध हैं।


मुझे स्वीकार करना अच्छा नहीं लगता परंतु मैं बूढ़ा होता जा रहा हूं। जैसे मैं पहले बेसबॉल खेला करता था, वैसा अब नहीं खेल पाता हूं। तो मैं सोचता हूं कि बढ़ती उम्र के कारण मैंने ज्यादा कुछ नहीं खोया है! परंतु यह वह चीज है जिसकी कमी मुझे बहुत खलती है!!! मेरी पत्नी चर्च में लगभग सभी के यहां थैंक्सगीविंग के भोज में भाग ले पायी। हमने इन सब अवसरों से बहुत आनंद प्राप्त किया।

यह हमारी आशा है कि क्रिसमस के इस सुंदर सुअवसर पर मसीह आप के घरों में व आप के दिलों में प्रगट होवेंगे। परमेश्वर आप सभों को आशीष देवे!



डॉ हिमर्स और इलियाना अपनी चार वर्षीय पोती हन्ना के साथ

यीशु के नाम में आप का,



आर एल हिमर्स, जूनियर
डी मिन, टीएच डी डिप्लोमा इन लिटरेचर
फिलिप्पयों ४:१३

***सभी प्रचारक एक बार संदेशों की तैयारी में कहीं रूक जाते हैं। मेरे संदेशों को देखिये, आप को किसी से सहायता मिल सकती है। इसीलिये ये संदेश यहां उपलब्ध हैं। लगभग २१६ देशों के १२०,००० प्रचारकों ने मेरे संदेशों को पढ़ा और इस वर्ष उन्हें इनसे मदद मिली। कृपया WWW.SERMONSFORTHEWORLD.COM पर इन्हें देख सकते हैं।***



डॉ हिमर्स और जोन सैम्यूएल कैगन (बायें) और नोहा सोंग (दायें) दोनों ने गॉस्पल के लिये समर्पण किया है व धर्मविज्ञान का अध्ययन करेंगे।




डॉ हिमर्स और जोन कैगन जब उन्हें गॉस्पल सेवकाई के लिये लायसेंस प्रदान किया।



८७ की उम्र में अदेला मेंजीवार को डॉ हिमर्स द्वारा बपतिस्मा दिया गया।



डॉ हिमर्स मि. वर्जिल निकैल को बपतिस्मा देते हुए



डॉ और मिसिस हिमर्स अपने विवाह की ३४ वीं वर्षगांठ पर



रफायेल कुलार (बायें) लेस्ली हिमर्स, जिन हिमर्स, डॉ हिमर्स, मिसिस हिमर्स बेबी हन्ना के साथ, मि. और मिसिस जोनी किम

***हमारे चर्च की वेबसाईट पर जाइये WWW.BAPTISTTABERNACLE.COM***

***हमारे संदेश की वेबसाईट शब्दशः सैकड़ों हस्तलिपि चौंतीस भाषाओं में उपलब्ध करवाती है WWW.SERMONSFORTHEWORLD.COM पर इन्हें देख सकते हैं।***



मि. और मिसिस जेम्स रूप। वह चर्च की आर्गनिस्ट हैं



डॉ हिमर्स मिसिस शिनू क्विन के साथ



नये वर्ष की संध्या पर रेव्ह मार्क बकले डॉ और मिसिस हिमर्स के साथ



डॉ चान अपने पुत्र तिमोथी और लारा एस्कोबार का विवाह संपन्न करते हुए



डॉ और मिसिस हिमर्स, मिसिस हिमर्स की माता लिंडा के साथ, लेस्ली और वेस्ली व जिन हिमर्स



(दायें) डॉ हिमर्स बेबी हन्ना के साथ, मिसिस हिमर्स, लेस्ली और जिन हिमर्स के साथ

***हमारे चर्च की वेबसाईट पर जाइये WWW.BAPTISTTABERNACLE.COM***

***हमारे संदेश की वेबसाईट शब्दशः सैकड़ों हस्तलिपि चौंतीस भाषाओं में उपलब्ध करवाती है WWW.SERMONSFORTHEWORLD.COM पर आप इन्हें देख सकते हैं।***